

GANGA®
Acrowools
**KNITTING YARN**

# GIGGLES

| | |
|---|---|
| नाप | लम्बाई– 15 इंच, चौड़ाई– 11 इंच |
| सामग्री | गंगा की गिगल्स ऊन |
| शेड न0 | 64 |
| सलाई न0 | 9(3.50mm) - 3(Light) व सिलने वाली सुई |
| कुल ऊन | 130 ग्राम |

**पिछला भाग**– 70 फंदे डालकर 1 सलाई सीधी–1 सलाई उल्टी से 1 इंच बुनकर, अब 1 लाइन में जाली वाला डिज़ाइन बनाकर 1 इंच सीधी–उल्टी सलाई बुनकर फोल्ड करके सलाई करके सीधी–उल्टी सलाई से प्लेन बुनते हुए 8 इंच बुनकर डिज़ाइन शुरू करें। 10 फंदे उल्टे, 10 फंदों को क्रॉस करके केवल बुनकर, 30 फंदे उल्टे बुनकर, 10 फंदों का केबल बुनकर, 10 फंदे उल्टे बुनकर सलाई को पूरा करें। इसी डिज़ाइन को बुनते हुए 4 इंच का डिज़ाइन बुनकर गले की घटाई शुरू करें। 22–22 फंदे कंधे के दोनों साइड रखकर गले के सारे फंदे बंद करके 15 इंच का पिछला भाग तैयार कर लें।

**अगला भाग**– 70 फंदे डालकर 1 सलाई सीधी–1 सलाई उल्टी से बुनना शुरू करें। पिछले भाग की तरह अगले भाग को भी बुनते हुए 11 इंच का अगला भाग बुनकर गले के 22–22 फंदे रखकर बाकी फंदों को बंद करके 15 इंच कर अगला भाग बनाकर दोनों भागों की सलाई करके फ्रॉक को तैयार कर लें।

**कैप**– 60 फंदे डालकर उल्टे–उल्टे फंदों से 4 लाइन बनाकर 1 सलाई सीधी–उल्टे से बुनकर फिर से उल्टे–उल्टे फंदों से बुनते हुए 4 इंच की कैप बनाकर 4 सलाईयों में फंदों को बंद करके कैप को तैयार करके पॉम–पॉम लगाकर कैप को तैयार कर लें।

**बेबी शूज़**– 30 फंदे डालकर 6 लाइन उल्टे–उल्टे फंदों से बुनकर नीचे वाले भाग को बनाकर अब आप 1 सीधे, 1 उल्टे से 1 इंच का बार्डर बनाकर, उल्टी सलाई से बुनना शुरू करें। बेबी शूज़ के आगे वाले भाग से 10 फंदे उल्टे–उल्टे बुनते हुए 14 फंदे करके फंदों को बंद कर लें। अब पीछे वाले साइड से फंदों को उठाकर उल्टी–उल्टी सलाई से 4 सलाईयां बनाकर फंदो को बंद करके 1 बेबी शूज़ तैयार करके इसी प्रकार दूसरी साइड का भी बेबी शूज़ तैयार करके फ्लावर लगाकर बेबी ूज़ को तैयार कर लें।